ख. सारस ने लोमड़ी को खाने के लिए क्या दिया?

i. दलिया ☐ ii. हलुआ ☐ iii. शोरबा ☑

ग. इस कहानी का दूसरा उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

i. लोमड़ी और सारस ☐

ii. मित्रता ☐

iii. अनोखी दावत ☑

4. **किसने-किससे कहा?**

कथन	**किसने कहा?**	**किससे कहा?**
क. मैंने इसे अपने हाथों से बनाया है।	लोमड़ी ने	सारस से
ख. बुरा न मानना मित्र!	लोमडी ने	सारस से
ग. शुरू करो बहन!	सारस ने	लोमडी से

इन पर विचार करो

1. एक अच्छे मित्र में कौन-कौन से गुण होते हैं? सोचो और बताओ।
2. हमें दूसरों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? बताओ।

कुत्तों की प्रजाति में लोमड़ी सबसे छोटी मानी जाती है। लोमड़ी मांसाहारी जीव है। यह 35 मीटर दूर तक की आवाज़ सुन सकती है।

सारस संसार का सबसे बड़ा उड़ने वाला पक्षी है। इसकी लंबाई 1.5 मीटर से 1.8 मीटर तक होती है। सारस एक मीटर तक गहरे पानी में रह सकते हैं।

भाषा से

श्रुतलेख

मित्रता, दावत, तश्तरी, मेहमान, सुराही, पहुँच, चोंच, शुरू, पछतावा

1. 'रु' और 'रू' से बनने वाले दो-दो शब्द लिखो—

रु – गुरु .... रुई .... रुपया

रू – रूप .... कुरूप .... रूपा

2. विलोम शब्द लिखो—

क. मित्र × शत्रु

ख. हाँ × नही

ग. बुरा × अच्छा

घ. थोड़ा × ज्यादा

3. उचित सर्वनाम शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो—

क. .... तुम .... कल मेरे घर आना। (तुम/मैं)

ख. .... मैंने .... इसे अपने हाथों से बनाया है। (मैं/मैंने)

ग. कल .... मेरे .... घर पर दावत है। (मेरे/उसने)

घ. मगर .... वह .... अपना-सा मुँह लेकर रह गई। (वह/वे)

जोड़कर शब्द बनाओ और लिखो—

मित्र + ता = मित्रता | ई + मान = ईमान

अप + मान = अपमान | धन्य + वाद = धन्यवाद

नीचे दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ—

मित्रता, तश्तरी, सुराही, खुश

प्रस्तावित गतिविधियाँ

1. क्या आपके साथ कभी ऐसा हुआ है कि किसी मित्र ने आपको दावत बुलाकर अच्छा व्यवहार न किया हो? उस घटना को अपने मित्रों को बताओ
2. 'चालाक लोमड़ी और कौआ' कहानी अपने बड़ों से सुनो और कक्षा में सुनाओ
3. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर कहानी बनाकर सुनाओ—